पत्र सं0– 706 /रा0मे0का0ब0/2026 दिनांक:– 25/08/26

**राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ उ0प्र0 में संविदा के आधार पर सीनियर के पदों पर सेवायोजन हेतु विज्ञप्तिः–**

इस कार्यालय के पत्र संख्या–441/रा0मे0का0ब0/2026 दिनांक–06.07.2026 एवं पत्र संख्या–601/रा0मे0का0ब0/2026 दिनांक–04.08.2026 के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के दृष्टिगत शासन/महानिदेशालय की प्रत्याशा में राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ में क्लीनिकल विभागों में एन0एम0सी0 मानकानुसार अतिरिक्त एवं रिक्त सीनियर रेजीडेन्ट के पदों को प्री–पैरा क्लीनिकल में एन0एम0सी0 मानकों की पूर्ति हेतु समायोजित करने के लिए, सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के माध्यम से कालेज स्तर से चयन किया जाना है। चयन की प्रक्रिया प्रत्येक शुक्रवार को एन0एम0सी0 की अद्यतन संस्तुति के अनुसार **आग्रिम आदेशों तक प्रत्येक शुक्रवार को प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे** सम्पन्न किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों, उनकी सत्यापित छायाप्रतियों की 02 सेट, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एवं 02 फोटो सहित उपस्थित हों। शासन द्वारा प्रदत्त रोस्टर के नियमानुसार आरक्षण लागू होगा। **पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है, या रिक्त होने पर नये पद भी सम्मलित हो सकते हैं।** पदों की अद्यतन स्थिति अवश्यकतानुसार **www.updgme.in** एवं www.gmcbadaun.up.com पर उपलब्ध रहेगी।

**राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ में संविदा पर चयन हेतु सीनियर रेजीडेन्ट के रिक्त पदों की स्थिति**

| क्र0सं | विशिष्टता का नाम | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | आर्थिक रूप से कमजोर |
| 1. | एनॉटमी | 02 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 2. | फिजियोलॉजी विभाग | 02 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 |
| 3. | बायोकेमिस्ट्री विभाग | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 4. | पैथोलॉजी | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 5. | फार्माकोलॉजी | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 |
| 6. | माइक्रोबायोलॉजी | 02 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 7. | कम्यूनिटी मेडिसिन | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 |
| 8. | फोरेन्सिक मेडिसिन विभाग | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| | **योग–** | **16** | **06** | **04** | **04** | **00** | **02** |

**नोटः–** शासन द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर के आधार पर ही चयन की प्रकिया की जायेगी एवं पदों की संख्या घट–बढ सकती हैं।

**उक्त पदों पर नियुक्ति की शर्तो निम्नवत् हैं–**

1. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले सीनियर रेजीडेन्ट का वेतनमान रू0 67,700/–(7th Level 11) प्रतिमाह हैं।
2. समस्त पदों पर योग्यता एन0एम0सी0, नई दिल्ली के मानकों के अनुसार एवं शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार होगी।
3. संविदा पर नियुक्ति एस0आर0 सेवायें महानिदेशालय से सेवाबाण्ड के आधार पर चयनित सीनियर रेजीडेन्ट के उपलब्ध होने/सम्बन्धित विषय में पी0जी0/डी0एन0बी0 डिप्लोमा छात्र–छात्रओं के प्रवेश लेने पर (Last Come First Go) के आधार पर तत्काल समाप्त की जायेगी एवं सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर भी सेवा समाप्त की जा सकती हैं। संविदा छोड़ने की स्थिति में 01 माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का वेतन/मानदेय जमा कराना होगा।
4. साक्षात्कार की तिथि, अन्य विवरण एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें मेडिकल कालेज की वेबासाइट www.gmcbadaun.up.com /कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर समय–समय पर प्रदर्शित की जायेगी। अतः वेबसाइट/नोटिसबोर्ड का अवलोकन करते रहें।
5. आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) प्रमाण–पत्र दिनांक 01 अप्रैल, 2026 के पश्चात् का ही मान्य होगा।
6. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) प्रमाण पत्र दिनांक–01 अप्रैल, 2026 के पश्चात् का ही मान्य होगा।
7. उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावतिक विद्यमान शासनादेशों के अनुरूप आरक्षण अनुमन्य होगा।

**नोट–वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा**

**प्रधानाचार्य,**
**राजकीय मेडिकल कालेज,**
**बदायूँ।**

पत्रांक सं0– 706 /रा0मे0का0ब0/2026 तद्‌दिनांकः– 25/08/26

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. **अपर मुख्य सचिव,** चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. **महानिदेशक,** चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की बेवसाइट पर प्रदर्शित कराने की कृपा करें।
3. **जिलाधिकारी,** बदायूँ।
4. **वित नियंत्रक,** राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूॅ।
5. **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,** राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूॅ।
6. **प्रधानाचार्य,** मेडिकल कालेज कानपुर/मेरठ/आगरा/झांसी/गोरखपुर/इलाहाबाद/अम्बेडकर नगर/कन्नौज/जालौन/आजमगढ़/सहारनपुर/बांदा।
7. **रजिस्ट्रार,** ए0वी0बी0एम0यू0, लखनऊ।
8. **प्रभारी अधिकारी,** बेवसाइट, राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूॅ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की बेवसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
9. **राजकीय मेडिकल कालेज,** बदायूॅ के नोटिस बोर्ड/सूचना पट् हेतु।

25/8/26

**प्रधानाचार्य,**
**राजकीय मेडिकल कालेज,**
**बदायूॅ।**